हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 सितम्बर 2024, समय 1810 (10 मिनट))

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को  नमो एप के जरिए संबोधित करेंगे।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर। बी.जे.पी नेता कुलदीप बिश्नोई मोहन लाल बड़ोली,नायब सिंह सैनी और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हूडा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।
- अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने बहादुरगढ़ से कांग्रेस नेता राजेश जून की सदस्यता छह वर्ष के लिए निलंबित की।
- हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने जींद जिले में मतदाता जागरूकता के लिए नई पहल की।
- होडल पुलिस की अपराध शाखा ने एक कार  चालक को 48 किलो , 400 ग्राम गांजा एंव एक पिस्तौल  सहित गिरफ्तार किया।

***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों 26 सितंबर को हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए जुड़ेंगे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाने का मंत्र देंगे। हरियाणा में पार्टी से प्रदेश चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया और चुनाव सह प्रभारी सुरेंद्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम निश्चित तौर पर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि 4 हजार से ज्यादा शक्ति केंद्रों पर पार्टी ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि बी जे पी की बड़ी जीत के लिए पार्टी सतही स्तर पर ध्यान केंद्रित करते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बी जे पी का कार्यकर्ता निष्ठावान और समर्पित है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर ही पार्टी लगातार चुनाव लड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा कराए गए विकास की गूंज है। प्रदेश सरकार ने युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची नौकरियां दी हैं।

***********

हरियाणा में चुनाव प्रचार शिखर पर है। भिवानी जिला के लोहारू विधानसभा क्षेत्र से बी जे पी प्रत्याशी जेपी दलाल का जनसंपर्क अभियान आज भी जारी रहा। बी जे पी के स्टार प्रचारक व वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने आज उनके पक्ष में गांव लीलस व बड़वा में जनसभा को संबोधित किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि उनकी सरकार ने इस क्षेत्र में बहुत विकास करवाया है। नहरों के अंतिम टेल तक पानी पहुँच है और किसान खुशहाल हुआ है।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को निशाने पर लिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अनुसूचित जाति विरोधी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों द्वारा ही सांसद कुमारी सैलजा पर अभद्र टिप्पणी ने उन्हे बेनकाब कर दिया है।प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक में ब्राहमण खाप के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। खाप ने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा ने गन्नौर व सोनीपत में नौ जनसभाएं कर कॉंग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।जननायक जनता पार्टी व आजाद समाज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी एडवोकेट सुशील गर्ग नरवाना ने पंचकुला स्थित इंदिरा कॉलोनी में अपने जनसंपर्क अभियान को आगे बढ़ाया ।कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने आज मोरनी में 10 जगहों पर चुनाव प्रचार करते हुए अपने लिए वोट मांगें। उन्होंने आरोप लगाया कि मोरनी क्षेत्र की सबसे ज्यादा अनदेखी हुई है।आम आदमी पार्टी के बल्लभगढ़ से प्रत्याशी रवींद्र फौजदार ने कई कलोनियों में जनसम्पर्क किया

इंडियन नैशनल लोक दल के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला ने जुलाना विधानसभा के गाँव खरेंटी में गठबंधन उम्मीदवार डॉ सुरेन्द्र के लिए चुनाव प्रचार किया।

***********

हरियाणा की उचाना कलां विधानसभा सीट पर मुकाबला रोचक होता जा रहा है।प्रदेश के  बांगर क्षेत्र का उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र 1977 से अस्तित्व में आया।यह विधनसभा क्षेत्र जींद जिला में है।

उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र चौटाला परिवार और बीरेंद्र सिंह परिवार के आमने-सामने रहने से चर्चा में रहा है ।इस बार इस सीट से जननायक जनता पार्टी के  दुष्यंत चौटाला, कांग्रेस के बीरेन्द्र सिंह  के पुत्र बृजेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी के देवेंद्र अत्री चुनाव लड़ रहे हैं।इंडियन नैशनल लोकदल- बी एस पी गठबंधन ने विनोद अलेवा और आम आदमी पार्टी ने पवन फौजी को मैदान में उतारा है।  बीरेन्द्र सिंह अधिकतर समय कांग्रेस में रहे हैं। हालांकि बीरेंद्र सिंह परिवार दस साल भारतीय जनता पार्टी  में  भी रहा। इस दौरान 2014 के चुनाव में बीरेंद्र सिंह की पत्नी प्रेमलता बी जे  पी के टिकट पर जीतने में सफल रही, लेकिन 2019 के चुनाव में जजपा के दुष्यंत चौटाला विजयी हुए। अब  बीरेंद्र सिंह परिवार कांग्रेस में है।अब की  बार  इस सीट पर मुक़ाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है।  उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के बागी भी नए समीकरण बना रहे हैं। कांग्रेस से बागी होकर विरेंद्र घोघड़ियां व दिलबाग संडील निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। यह दोनों नेता परिवारवाद की राजनीति के विरोध में बीरेंद्र सिंह व दुष्यंत चौटाला के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं।इस तरह इस क्षेत्र में परिवारवाद बड़ा मुद्दा बन गया है ।इसके अलावा विकास और बेरोजगारी भी चुनावी मुद्दे हैं।  इस विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 18 हजार 507 मतदाता 5 अक्तूबर को सभी

उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिनमें 10 लाख एक हजार 419 महिला मतदाता शामिल हैं ।

***********

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण कांग्रेस नेता राजेश जून की सदस्यता छह वर्ष के लिए निलम्बित कर दी है। श्री राजेश जून बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पार्टी नेतृत्व को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार से श्री राजेश जून की पार्टी के हितों के विपरीत गतिविधियों में संलिप्तता के बारे में कई रिपोर्ट मिली हैं, विशेष रूप से कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उनका चुनाव लड़ना पार्टी की नीति का उल्लंघन है।

***********

हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। स्वीप गतिविधियों के साथ साथ सरकारी विभागों को भी सहयोग करने को कहा जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने जींद जिले में एक नई पहल की है। इस पहल के तहत ओ पी डी पर्ची का प्रयोग मतदाता जागरूकता के लिए किया जा रहा है। और जानकारी लेते हैं जींद के सामान्य अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश भोला से-

***********

फरीदाबाद के जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने मतदाताओं से 5 अक्तूबर को मतदान करने और उस दिन तथा अगले दिन विभिन्न प्रतिष्ठानों पर विशेष

छूट का लाभ उठाने की अपील की है। मतदान के बाद ऊँगली पर लगी स्याही दिखाकर चिन्हित शोरूम में 10 से 20 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-12 स्थित पैबल डाउनटाउन मॉल ने विशेष पहल की है, जिसके तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को 5 और 6 अक्तूबर को 17 ब्रांडेड शोरूम पर छूट दी जाएगी।उन्होंने कहा कि कैफे देहली हाईट्स 20 प्रतिशत जबकि चुनमुन, पेंटालून्स, मीना बाजार, सागर रत्ना, और बीकानेर सहित अन्य 16 शोरूम 10 प्रतिशत छूट प्रदान करेंगे।

***********

हरियाणा में 5 अक्तूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन सहित छुट्टी रहेगी। हरियाणा श्रम विभाग द्वारा पंजाब शाप एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम के तहत इस आशय की अधिसूचना अनुसार जारी की गई है, ताकि हरियाणा राज्य में पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

***********

होडल पुलिस की अपराध शाखा ने एक कार चालक को 48 किलो ग्राम 400 ग्राम गांजा एंव अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है । अपराध शाखा के प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान पलवल जिले में चांदहट निवासी अजित के तौर पर हुई है। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर होडल पुल के पास से काबू किया गया गया। गिरफ्तारी के समय वह पलवल की तरफ से आ रहा था। नोडल अधिकारी एंव उप पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि उसके पास से गांजे के अलावा एक पिस्तौल और चार जिन्दा कारतूस भी बरामद हुए हैं।वहीं पलवल में अपराध शाखा ने भी होडल क्षेत्र में गौडोता चौक के पास उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के कोसीकला निवासी श्याम सिंह को 379 ग्राम गांजे सहित काबू किया है।

***********

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किसानों को एक नए मोबाइल एप से डिजिटल गेट पास जारी करने की प्रक्रिया आरंभ की गई है, जिससे अब किसान अपनी फसल का मंडी गेट पास स्वयं घर बैठे बना सकेंगे।बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इस बार किसानों को मंडी गेट पास के लिए लाइनों में खड़े होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।प्रवक्ता ने बताया कि किसानों द्वारा डिजिटल गेट पास प्राप्त करने की प्रक्रिया के तहत किसान अब एंड्रॉयड ई-खरीद मोबाइल एप्लीकेशन अथवा ekharid.haryana.gov.in पोर्टल से अपना मण्डी गेट पास स्वयं बना सकते हैं। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे पहली अक्तूबर को अपनी कृषि उपज को सुखाकर मंडी में लाएं ताकि उन्हें फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

***********